हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 30 जनवरी 2024

04 सांसद सोलंकी ने जिले के सभी विभागों द्वारा किए जा...



07 छात्र-छात्राओं को जंगल का भ्रमण कराकर पेड़ों और...





## खबर संक्षेप

### बच्चों की शिक्षा जितनी महत्वपूर्ण है, सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण

**सीहोर।** शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और महत्वपूर्ण है, उसी तरह बच्चों की सुरक्षा और उनका संरक्षण भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आवश्यक है कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को उनके अधिकारों से अवगत कराया जाये। इस कार्य से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति और संस्था को अपने आपको भाग्यशाली मानना चाहिये कि वे इस नेक मकसद से जुड़े हैं। इस संदर्भ में और बेहतर कार्य कैसे किया जा सकता है। यह बात स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कही।

### सशक्त पंचायत के लिए आमदनी के स्रोत जरूरी

**सीहोर।** पंचायत राज में पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए जरूरी है कि उनकी आमदनी के स्त्रोत वे स्वयं जनरेट करें। पंचायतों में आय के बेहतर स्त्रोत सृजित हो सकते हैं। पंचायतों में मौजूद परिसम्पत्तियों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो। इनका उपयोग कर रोजगार के साधन तैयार किये जा सकते हैं। जिनसे पंचायतों को आमदनी हो। यह बात पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने विभागीय समीक्षा करते हुए यह बात कही उन्होंने विभिन्न नगरों और शहरों की सीमाओं से जुड़ी हुई पंचायतों को चिन्हित करने के निर्देश भी दिये। ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में पंचायतों को सशक्त बनाने को कहा है। उन्होंने पंचायतों में इसके लिये मौजूदा संसाधनों को अपग्रेड करने को भी कहा है। पंचायतों में ही ग्रामीणों को आधार, आयुष्मान और डिजी लॉकर के अतिरिक्त और कौन सी सुविधाएँ प्रदान की जा सकती हैं या हमें देना चाहिये और जो हम नहीं दे पा रहे, उसकी पड़ताल कर दिक्कतों को दूर करें।

### भोपाल नाका बना खतरों का चौराहा, न पुलिस का ध्यान न प्रशासन का

# भोपाल नाके पर बेतरतीब दौड़ते हैं वाहन यातायात पुलिस भी नहीं रहती तैनात

### कॉलेज सहित अनेक स्कूलों के निकलने का मार्ग होने से बना रहता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भोपाल नाका पर पुराना इंदौर-भोपाल मार्ग होने से यहां यातायात का दबाव प्रमुख रूप से बना रहता है। इसके साथ ही इस मार्ग पर कॉलेज और विभिन्न स्कूलों के वाहनों और स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी भी लगातार निकलते रहते हैं। इसके बाद भी भोपाल नाके पर ठेले, ऑटो सहित विभिन्न अतिक्रमण का साम्राज्य बना रहता है। इसके बाद भी यहां यातायात पुलिस का कोई पता नहीं रहने से लगातार हादसों का अंदेशा बना रहता है, लेकिन जिम्मेदारों का यहां कोई ध्यान नहीं है।

शहर का भोपाल नाका शहर का प्रमुख चौराहा है। चौराहा होने के कारण यहां यातायात लगभग हर समय बना रहता है। इसके साथ ही इस चौराहे से भोपाल-इंदौर मार्ग की बसें, कार व अन्य वाहनों का भी आवागमन होता है। इसके बाद भी यहां दुकानदारों के अलावा ठेले, पानी का टैंकर, ऑटो वाले बेतरतीव रूप से खड़े रहते हैं। इसके कारण यहां हमेशा हादसों का डर बना रहता है, लेकिन जिम्मेदार अतिक्रमण हटाने और व्यवस्था बनाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहे हैं।

#### यातायात पुलिस भी रहती है गायब

भोपाल नाका क्षेत्र पर दोनों प्रमुख पीजी और गर्ल्स कॉलेज हैं। इसके अलावा आवासीय स्कूल, पॉलीटेक्निक कॉलेज, केन्द्रीय स्कूल, सेंट एन स्कूल, आक्सफोर्ड स्कूल, नूतन स्कूल, ब्लू बर्ड स्कूल सहित अन्य स्कूलों के वाहनों और विद्यार्थियों के आवागमन लगातार बना रहता है। इसके बाद भी यहां यातायात पुलिस हमेशा गायब रहती है। इसके कारण छेड़छाड़ सहित आसामाजिक तत्वों का भी यहां जमावड़ा बना रहता है। हालांकि कहने के नाम पर कॉलेज के पास डायल-100 जरूर खड़ी रहती है, लेकिन भोपाल नाका चौराहे पर यातायात पुलिस पांइट की हमेशा जरूरत महसूस होती है।


#### क्यों नहीं हटाया जा रहा अतिक्रमण



इस संबंध कॉलेज छात्रा शिवानी का कहना है कि चौराहे पर यातायात का दबाव काफी अधिक रहता है। इसके कारण हादसे का हमेशा डर बना रहता है, लेकिन पुलिस इस दिशा में कोई ध्यान नहीं देती है। दीपक राठौर कहते हैं कि भोपाल नाके पर काफी भीड़-भाड़ बनी रहने और यातायात बेतरतीव रहने से कई बार छात्राएं अपने का असहज महसूस करती हैं। कई बार आसामाजिक तत्व भी छात्राओं पर फब्तियां कसते नजर आते हैं। इस दिशा में पुलिस और प्रशासन को ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

# फरवरी के पहले सप्ताह में बारिश की बन रही संभावना

### बढ़ रही बादलों की डेंसिटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मौसम का मिजाज बदल रहा है। बीते एक सप्ताह से जहां कड़ाके की ठंड पड़ रही थी और न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री के नीचे बना हुआ है। वहीं रविवार को आसमान पर हल्के बादल छा जाने से लोगों को तेज ठंड से मामूली राहत मिली है। जानकारी के अनुसार बीते 24 घंटे के दौरान सीहोर जिले में न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर एसएस तोमर ने बताया कि बादलों की डेंसिटी लगातार बढ़ रही है यदि इसी प्रकार की मौसम एक्टिविटी रही तो फरवरी माह के पहले सप्ताह में बारिश होने की संभावना रहेगी। तोमर ने बताया कि अभी जो मौसम चल रहा है उसके अनुसार फसलों के लिए यह मौसम काफी बेहतर है।

#### चने फसल पर फफूंद का अटैक

चने की फसल पर फफूंद का अटैक देखने को मिला है। चने की फसल कहीं_कहीं लगभग 90 प्रतिशत तक बर्बाद हो चुकी है। दरअसल, इस वर्ष किसानों ने क्षेत्र में चने की खेती बड़े रकबे में की गई थी। फफूंद के कारण चने के पौधे बेकार होना शुरू हो गए है। किसान परेशान है कि चने की फसल में लगी उनकी लागत भी नहीं निकल पाएगी। हर साल किसान चने की खेती से मोटा मुनाफा भी कमाते है, लेकिन इस बार चने की खेती करने वाले किसानों की हालत खराब होने लगी है। विशेषज्ञों ने बताया कि बेमौसम बारिश और आसमान में बादल रहने के कारण पौधों को ढंग से धूप नहीं मिली है। धूप न मिलने से पौधों पर मिट्टी जनित रोग फफूंद लग चुकी है। फफूंद ने चने के पौधों को खोखला बनाना शुरू कर दिया है। ये तेजी से गलते जा रहे हैं।

### गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**नलखेड़ा।** गणतंत्र दिवस पर नगर की शिक्षण संस्था गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल में ध्वजारोहण कार्यक्रम के साथ नन्हे मुन्ने स्कूली बच्चों द्वारा देश की संस्कृति तथा राष्ट्रभक्ति पर आधारित कार्यक्रम के साथ विभिन्न प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे तथा उनके अभिभावकगण उपस्थित थे। गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों द्वारा नगर में प्रभात फेरी भी निकल गई, जिसमें बच्चे राष्ट्रभक्ति गीतों के साथ देशभक्ति नारे लगाते हुए चल रहे थे।



# प्रभातफेरियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र हो रहे धर्ममय

**नलखेड़ा।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त नगर सहित आसपास के ग्रामों में एक माह से अधिक समय पूर्व से भक्तों द्वारा प्रभातफेरी निकाली जा रही थी। ये प्रभातफेरियां प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होने के बाद भी निकलना लगातार जारी हैं। तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में अभी भी निकल रही प्रभातफेरियों से क्षेत्र धर्ममय हो रहा है। गत 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हो चुकी है। इसके पूर्व नगर सहित तहसील के सभी ग्रामों में प्रतिदिन विशाल प्रभातफेरियां निकाली जा रही थीं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी नगर सहित आसपास के ग्राम गुदरावन, भैसोदा, धरोला सहित अन्य ग्रामों में भक्तों द्वारा प्रभातफेरी निकालना जारी रखा। भक्त अभी भी प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में झांझ, मजीरे व ढोलक की थाप पर रामधुन एवं अन्य भजन गाते हुए प्रभातफेरी निकाल रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार हमारी संस्कृति में ब्रह्म मुहूर्त में प्रभु का नाम लेना कई संकटों से दूर करता है साथ ही ग्राम में प्रभातफेरी के माध्यम से भजनों की गूंज ग्रामीणों में एक नई ऊर्जा का संचार करता है। इसीलिए प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित्त प्रारंभ हुई प्रभातफेरी को लगातार जारी रखा गया है। उन्होंने बताया कि यह सनातन धर्म की पुरानी परंपरा है जिसका निर्वहन किया जा रहा है।



# परिवार की सुख-समृद्धि के लिए महिलाओं ने किया तिल चौथ का व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



परिवार की सुख-समृद्धि एवं संतान की लंबी उम्र की कामना को लेकर महिलाओं ने सोमवार को तिल चौथ, संकट चौथ का व्रत किया। महिलाओं द्वारा सोमवार को माघ मास की चतुर्थी के दिन संकट चौथ जिसे तिल चौथ भी कहा जाता है का व्रत रखा गया। ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को नियमित रखने से व्यक्ति के जीवन के सभी संकट, बाधा, मुश्किल और परेशानी समाप्त हो जाते हैं साथ ही आर्थिक लाभ भी मिलता है।

यह व्रत माताएं अपनी संतान की लंबी आयु के लिए भी रखती हैं। यह व्रत बहुत ही कठिन माना जाता है। क्योंकि, यह निर्जला व्रत रखा जाता है। शाम के समय चांद को देखने के बाद ही महिलाएं अपना व्रत खोलती हैं। इस दिन भगवान गणेश का मनोभाव से और नियमित पूजन करने से सभी कष्टों का नाश होता है, शमन होता है। संकट चतुर्थी का अर्थ है कि संकट को हरने वाली चतुर्थी। इस व्रत को करने से संकट से मुक्ति तो मिलती है साथ ही आर्थिक लाभ भी व्यक्ति को मिलता है। इतना ही नहीं घर में नकारात्मक प्रभाव दूर होते हैं और परिवार में सुख, समृद्धि, शांति बनी रहती है। गणेशजी के आशीर्वाद से व्यक्ति की सभी विपदा, संकट, मुश्किल, बाधा, विघ्न मिट जाते हैं। सोमवार को महिलाओं द्वारा संकट चतुर्थी के दिन भगवान गणेश व चौथ माता का पूजन कर कथा का श्रवण किया गया। चंद्रमा के उदय होने पर अर्घ्य देकर अपना व्रत खोला गया।

### हर ग्राम पंचायत में खोली जाएंगी राशन की दुकानें

**सीहोर।** आम जनता की सुविधा के लिए हर ग्राम पंचायत में राशन दुकानें खोली जाएंगी। प्रदेश में जिन 311 पंचायतों में राशन की दुकानें अभी संचालित नहीं है, उन ग्राम पंचायतों में अधिकारियों को राशन दुकान अतिशीघ्र खोलने के निर्देश दिये। यह बात खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कही उन्होंने प्रतिमाह वितरित होने वाला राशन समय-सीमा में पहुंचाने एवं मानक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। गेहूं उपार्जन से जुड़े सभी कार्य समय पर पूरा करने एवं उपार्जन नीति जारी करने के निर्देश दिए।

# सागर विद्या निकेतन में पीएम के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में स्थित सागर विद्या निकेतन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बच्चों को दिखाया व सुनाया गया। इस दौरान विद्यालय संचालक, सह संचालक, प्राचार्य एवं सभी शिक्षकगण व अभिभावक गण भी उपस्थित रहे। सोमवार को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बच्चों को अपने विचार साझेदारी करने का मार्ग प्रशस्त किया गया। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को बच्चों और सभी शिक्षक, अभिभावक गणों ने से सुना और समझा।

### सीएम राइज में भी विद्यार्थियों ने देखा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

स्थानीय सीएम राइज शासकीय कन्या उमा विद्यालय में भी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं ने एलईडी के माध्यम से देखा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी से परीक्षा से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम अन्तर्गत प्रधानमंत्री ने परीक्षा में तनावमुक्त कैसे रहे, समय प्रबंधन एवं एकाग्रता सहित अन्य विषयों पर बच्चों से चर्चा की। लाइव प्रसारण कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक गोविंद विश्वकर्मा, प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### 26 जनवरी के उपलक्ष में अनोखे तरीके से किया झंडा वंदन

**नलखेड़ा।** गणतंत्र दिवस पर नगर के विभिन्न स्कूलों में झंडा वंदन किया गया। जिसमें क्षेत्र के कमला सागर विद्यालय में आधुनिक तकनीकी को बढ़ावा देने के लिए ब्रेन की मदद से झंडा वंदन किया गया। कमला सागर में हुए झंडा वंदन के इस कार्यक्रम में झंडे को हवा में लटका कर पुष्प वर्षा की गई जो की कमला सागर विद्यालय में उपस्थित अटल लैब का एक प्रोजेक्ट रहा। यह प्रोजेक्ट बच्चों को आधुनिक टेक्नोलॉजी और रोबोटिक सिस्टम के बारे में जागरूक और बच्चों को नई स्किल्ड सीखने के रूप में भी विभिन्न तरह के प्रयास निरंतर किया जा रहे हैं। जिसमें बच्चे साइंस का उपयोग करके विभिन्न प्रकार के अलग-अलग प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहे हैं, जो कि बच्चों के भविष्य के लिए ही अच्छा प्लेटफार्म का निर्माण है। इस सराहनीय कार्य के लिए स्कूल के इंचार्ज दिलीप तांतेड और स्कूल के प्रिंसिपल शेखर शर्मा एवं अटल लेब प्रमुख सियाराम पाटीदार और समस्त विद्यालय परिवार ने बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी।

# उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आयरन डेफिशियंसी एनीमिया जागरूकता माह का आयोजन 18 दिसम्बर 2023 से 18 जनवरी 2024 तक आयोजित किया गया। अभियान के दौरान एनीमिया के संबंध में समुदाय को जागरूक करने हेतु स्कूल, आंगनवाडी केंद्र,समुदाय में विभिन्न प्रकार की जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। माह के दौरान आयोजित की गई गतिविधियों में उत्कर्ष कार्य करने पर मुख़्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय कुमार यादव द्वारा श्रीमती अनुराधा परमार ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाईज़र,डॉ अमित शर्मा, मीनाक्षी पारेख सीएचओ, नर्मदा सोनानिया आशा सुपरवाइजर, राधा बैरागी आशा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसी प्रकार परिवार कल्याण कार्यक्रम में उत्कृष्ठ कार्य करने पर सरोज नागर आशा सुपरवाईजर, सुनीता विश्वकर्मा आशा, अंजू आशा कचनारिया, अनमोल पोर्टल पर गर्भवती पंजीयन में श्रीमती प्रियंका खाडे एएनएम,उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं के प्रबंधन में सहयोग करने पर मंजू जायसवाल आशा को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित इस सम्मान समारोह में डॉ श्याम सुन्दर कारपेंटर, डॉ उजमा परवीन, डॉ राकेश भाटी, डॉ विनोद मालवीय, डॉ शिवानी जाठ, डॉ मीनल मुणोत, सीएल अहिरवार,समस्त सीएचओ, एएनएम, आशा सुपरवाइजर सहित सिविल अस्पताल का स्टॉफ उपस्थित था।

खबर संक्षेप

## जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जीते पुरस्कार



**देवास।** राज्य शिक्षा केंद्र से जारी दिशा-निर्देश के क्रम में देवास जिला स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण, सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। एपीसी विकास महाजन ने जानकारी देते हुए बताया, कि ब्लॉक स्तर पर चयनित छात्र-छात्राओं ने सम्मिलित होकर विज्ञान प्रदर्शनी में अपनी कला का प्रदर्शन किया। खातेगांव, कन्नौद, बागली, सोनकच्छ, टोंकखुर्द, देवास विकासखंड के 75 छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी में सम्मिलित होकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरस्कार जीते। प्रदर्शनी का शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल अग्रवाल, बीईओ देवास अजय सोलंकी, बीआरसी किशोर वर्मा ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी दो भागो में संपन्न हुई। द्वितीय भाग में छात्र-छात्राओं ने लघु नाटिका, प्रश्नमंच, संगोष्ठी, एकल गायन विधाओं में प्रदर्शन कर पुरस्कार जीते। सभी बच्चे एवं उनके पालकों को सुरुचि पूर्ण भोज भी दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह जिला शिक्षा केंद्र प्रमुख डीपीसी प्रदीप जैन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम सुबह 11 से शाम 5 बजे तक जारी रहा। कार्यक्रम में शीतल मालवीय, वर्षासिंह नेगी, रफत कुरैशी, डॉ. जुगलकिशोर राठौर, निसार खान, महेश सोनी, डॉ. रजनीश पोरवाल, विक्रम मालवीय, संतोष मसकोले, वर्षा मैडम, राजकुमार पटेल, सुनील पाटीदार, शिवहरे सर, फारुख खान, रवींद्रपालसिंह तंवर, प्रीतीबाला वर्मा, मनोज दुबे, करण चौधरी, लोकेश कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन सहज सरकार ने किया।

### जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक में सांसद हुए शामिल

# सांसद सोलंकी ने जिले के सभी विभागों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की

सांसद ने बैठक में दिए निर्देश, जिले में चल रहे विकासकार्यो को शीघ्र पूर्ण करें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सांसद सोलंकी ने नल-जल योजना, एम.पी.आर.डी.सी/प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना/ पी.डब्ल्यू.डी. के तहत निर्मित व लंबित सड़को, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी), प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री बीमा योजना, किसान सम्मान निधि योजना तथा पूर्व में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद सोलंकी ने कहा कि जिले में विकास कार्य अच्छी गति से चल रहे है। इन कार्यो में और अधिक गति लाए, जिससे जिले के नागरिकों को अच्छी सुविधाएं मिल सके। अधिकारीगण जिले में सभी मुलभूत सुविधाओं जैसे सडक, पानी और बिजली पर विशेष ध्यान दें। केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत विकास कार्यो को शीघ्र पूर्ण करें। सरकार की योजनाओं का संचालन अच्छे से कर प्रत्येक पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ दें।

सांसद सोलंकी ने निर्देश दिए कि जिले में जल जीवन मिशन में घरों में नल के माध्यम से पानी की सप्लाई करें। समय-समय पर पानी का सैंपल लेकर चेंक भी करें। जहां पर ट्रांसफार्मर खराब है वहां पर ट्रांसफार्मर बदले जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना की समीक्षा की और कहा कि जिस गांव में कच्ची सडक है, वहा पक्की सडक बनाई जाये। उन्होंने कृषि, किसान कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा भी की। बैठक में सांसद सोलंकी ने सांसद निधि अंतर्गत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा कर अपूर्ण कार्यो को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में नल-जल योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में ग्रामीण आबादी 12 लाख 07 हजार है। जिले में 384 नल जल योजना संचालित है। जिसमें 371 नल जल योजनाओं का कार्य प्रगतिरत है। एम.पी.आर.डी.सी/प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना/ पी.डब्ल्यू.डी. के तहत निर्मित व लंबित सड़को की समीक्षा के दौरान बताया गया कि मध्य प्रदेश सडक विकास निगम द्वारा सोनकच्छ–गंधर्वपुरी और आष्टा-कन्नौद रोड का डीपीआर कार्य चल रहा है।

सोनकच्छ–गंधर्वपुरी और आष्टा-कन्नौद रोड की चौडाई बढाकर 10 मीटर की जायेगी। देवास-नेवरी मार्ग की मरम्मत के लिए एजेंसी नियुक्त कर दी गई है, शीघ्र ही कार्य शुरू हो जायेगा। जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना में 1773 किलोमीटर के 517 रोड बनाये गये है। पी.डब्ल्यू.डी. विभाग के 145 रोड की स्वीकृति मिली है। जिसमें 58 रोड पूर्ण हो चुके है और शेष रोड का कार्य प्रगति पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी) में देवास नगर निगम क्षेत्र में 09 हजार 315 हितग्राहियों का चयन प्रधानमंत्री आवास के लिए किया गया है। जिसमें 08 हजार 207 मकानों का कार्य पूर्ण हो गया है। नगरीय निकाय क्षेत्रों में 09 हजार 291 हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया गया है। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में 46 हजार 384 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में जिले 01 लाख 71 हजार 832 किसानोंको 131 करोड़ 47 लाख रूपये की राशि वितरित की गई है। बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कहा कि सभी विभाग अपूर्ण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करें।

15 दिन बाद फिर दिशा समिति की बैठक आयोजित की जायेगी। जिसमें बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिला अधिकारी स्वंय फिल्ड पर जाये और अपूर्ण कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण कराये। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, खण्डवा सांसद प्रतिनिधि, हाटपीपल्या विधायक प्रतिनिधि बलराम चौधरी, भैरूलाल अटारिया, डीएफओ प्रदीप मिश्रा, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे तथा समिति के सदस्यगण एवं भिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कंजरों से परेशान होकर किसान पहुंचा एसपी के पास

### नेपा नहीं देने पर फसल में लगाई आग



**देवास।** कंचर किसान की मोटर चोरी कर ले गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले की टोंकखुर्द तहसील के ग्राम अमोना निवासी रामरतन पिता लक्ष्मण मालवीय कंजरों से परेशान होकर सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और एसपी से मुलाकात कर आवेदन दिया। आवेदन में बताया कि मेरे पास 5 बीघा जमीन है, जिसमें मैंने दो बीघा में रायडे की फसल लगाई थी। 26 जनवरी 2024 को फसल काटकर खेत की मेड के पास निकालने के लिए इकट्ठा कर लिया था।

अगले दिन 27 जनवरी को रात्रि 10 बजे जब घर पर खाना खाने गया तब कंजर समाज के लोगों ने रायडे की फसल में आग लगा दी। जिससे मुझे करीब 25,000 रुपए का नुकसान हुआ है। वही कंजर समाज के कुछ असामाजिक तत्व मेरे खेत से मेरी पानी की मोटर भी चोरी कर ले गए। पानी की पाइपलाइन भी काट दी एवं गेहूं की फसल को भी नष्ट कर दिया। जिससे मुझे काफी हानि हुई है। मैंने टोकखुर्द थाने पर इसकी जानकारी दी तो पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर लिया। वही मोटर चोरी व गुंडागर्दी की रिर्पोट पुलिस द्वारा नहीं लिखी गई। शिकायकर्ता ने बताया कि कंजर समाज के कुछ अपराधिक लोगों द्वारा आए दिन हमें परेशान किया जाता है। उन लोगों का कहना है कि हमें नेपा दिया जाए। हमने नेपा नहीं दिया तो वह इस तरह का काम कर रहे है। पीडित किसान ने एसपी से गुहार लगाई कि इन लोगों पर कार्यवाही कर मुझे मेरी क्षतिपूर्ति दिलाई जाए।


## नवीन तहसील में अभिभाषकों के बैठने की व्यवस्था को लेकर दिया ज्ञापन

**देवास।** एमजी रोड स्थित पुराने कलेक्टर कार्यालय प्रांगण में स्थित देवास तहसील उज्जैन रोड स्थित पुराने आरटीओ कार्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया है। नवीन तहसील व एसडीएम कार्यालय में अभिभाषकों के बैठने की व्यवस्था किए जाने को लेकर एडवोकेट चंद्रपाल सिंह राजपूत के नेतृत्व में अभिभाषकों के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया। तहसील व एस.डी.एम. कार्यालय को उज्जैन रोड स्थित पुराने आर.टी.ओ. कार्यालय भवन मे स्थानांतरित कर दिया गया है। नवीन तहसील व एस.डी.एम. भवन में अभिभाषकों के बैठने की उचित व्यवस्था की जाए। जिससे कोर्ट संबंधी कार्य अभिभाषक व्यवस्थित रूप से कर सके। इस दौरान प्रवीण शर्मा, सत्यनारायण सोनी, राजेन्द्र मालवीय, विशाल तिवारी, रकीब शेख, आमीन शेख, दिनेश कारपेंटर, राजेश मालवीय, आशवनसिंह जसोना, मेहरबान सिंह गोयल, संजय सोलंकी, सुनील चौहान, सुनील बोडाना, मुकेश पंवार, जयराम पांचाल, राजपाल सिंह आदि उपस्थित थे। कलेक्टर ने अभिभाषकों के बैठने की व्यवस्था का शीघ्र निराकरण करने आश्वासन दिया।

## एस्ट्रोलॉजर व क्रिस्टल हीलर मीना राव भोपाल में सम्मानित

**देवास।** 28 जनवरी 2024 को भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय लेवल की वननेस मास्टर मीट में देवास की भारत विकास परिषद की सदस्य मीना राव को क्रिस्टल हीलिंग पर स्पीच के लिए आमंत्रित किया गया, जहां पर देश के कोने-कोने से ज्योतिषाचार्य आए हुए थे। जिसमें विश्व रिकॉर्ड होल्डर तंत्राचार्य गोवर्धन नाथ एवं पंडित प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा मीना राव को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सरकार के एमपीएसईडीसी लिमिटेड के प्रेसिडेंट शैतान सिंह पाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

## सराहनीय कार्य करने पर चावड़ा को किया सम्मानित



**चापडा।** जिला पौढ शिक्षा विभाग अंतर्गत असाक्षरों को साक्षर करने को लेकर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सराहनीय कार्य करने पर बागली निवासी शिक्षक शीला जितेंद्र चावड़ा को गणतंत्र दिवस पर शुक्रवार के दिन जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री तुलसी सिलावट, कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अपार जनसमूह कर रहा देववासिनी की महाआरती





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

संस्था देववासिनी माता टेकरी पर प्रत्येक शनिवार, रविवार को महाआरतीयां के अपने क्रम को निरंतर आयोजित कर रही है।ठंड के मौसम में भी अपार जन समूह में भक्तजन महाआरतियों में शामिल हो रहे हैं। संस्था द्वारा देवास नगर के प्रत्येक वार्डों से श्रद्धालुओं को आमंत्रित कर महाआरतियां संपन्न कराई जा रही है। संस्था देववासिनी के सचिव महेश चौहान ने बताया कि शनिवार को वार्ड क्रमांक 21 गंगानगर तथा रविवार को वार्ड क्रमांक 39 शुक्रवारीया हाट, सूतार बाखल वार्ड के श्रद्धालुओं सहित सबरीमाला अय्यप्पा सेवा समिति केरला हिंदू समाज के सैकड़ों सदस्यो ने पारंपरिक वेशभूषा में टेकरी पर पहुंचकर माताजी को छत्र, चुनरी, श्रंगार भेंट कर पुजन किया और आरती उतारी।

संस्था देववासिनी द्वारा आयोजित कराई जा रही है। महाआरतियों में चयनित वार्ड के श्रद्धालुओं के साथ नगर के भी सैकड़ो श्रद्धालु निरंतर शनिवार और रविवार को शामिल हो रहे हैं। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं में भी गंगा आरती के तर्ज पर की जाने वाली निरंजनी महाआरती में शामिल होने की होढ देखी जा रहे हैं। मौसम में घुली ठंड भी श्रद्धालुओं को रोक नहीं पा रही है।देववासिनी पर्वत पर हुई अम्मा की आरती रविवार को शहर के वार्ड क्रमांक 39 तथा सबरीमाला अय्यप्पा सेवा समाज मालवा प्रांत के केरला हिंदू समाज द्वारा अपने पारंपरिक वेशभूषा में अम्मा की आरती का मुख्य आयोजन किया गया।

अय्यप्पा समाज द्वारा संध्या आरती में तालापोली (दिप यात्रा) और मुथुकुडा समर्पण किया जाकर स्तुति कर आरती की गई। महाआरती में सबरीमाला अयप्पा सेवा समाज द्वारा आयोजित आरती में समाज के करीब 300- 400 श्रद्धालु शंखद्वार से छतरी एवं आरती की थाल सजाकर नाचते गाते माता टेकरी पहुँचे और आरती में शामिल हुए। रविवार का अवकाश वाला दिन होने से श्रद्धालुओं की भी अपार भीड़ टेकरी पर हो रही महाआरतियों में रही। जिसकी व्यवस्थाओं के लिए संस्था देववासिनी के हरि सिंह धनगर, शंभू अग्रवाल, शेखर कौशल, जयंत जैन, नीरज चौहान, लकी मक्कड, मनीष जैन, अतुल शर्मा, शुभम पवार, सतीश गोस्वामी, अनुज शर्मा, रोहित चौरसिया, निलेश वर्मा, अशीष दवे शुभम चौहान, जयेश पडियार, भोजराज सिंह ठाकुर, संतोष वर्मा, दीपेश शर्मा, नरेंद्र राठौड़, पंडित योगेश सहित कई कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में गणतंत्र दिवस बड़े ही उत्साह के साथ गया मनाया, हुए कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



गणतंत्र दिवस पर नगर परिषद बागली अध्यक्ष सीमा कमल यादव, उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे एवं नगर परिषद करनावद अध्यक्ष परसराम पाटीदार, उपाध्यक्ष राजेश गोयल ग्राम पंचायत नयापुरा मंजू लखन मथानिया, ग्राम पंचायत छतरपुरा सरपंच निर्मला जोहर पाटीदर, ग्राम पंचायत गुराडिया कला में सरपंच अनिता मुकेश, उप सरपंच राजेश पाटीदार ,ग्राम पंचायत भमोरी में लक्ष्मीबाई उप सरपंच इंदर सिंह पटेल, ग्राम पंचायत मुकुंदगढ़ में सरपंच नूरी बाई बामनिया, ग्राम पंचायत अमरपुरा में सरपंच इजेंद्र वास्केल ,ग्राम पंचायत मोखाप्पिल्या सरपंच जितेंद्र सिंह दरबार ,उप सरपंच रामेश्वर जाट, ग्राम पंचायत पोलाय सरपंच रतन बाई सोलंकी, ग्राम पंचायत कमलापुर सरपंच कन्हैयालाल चौहान, ग्राम पंचायत भीलआमला सरपंच सुनीता बलराम मसानिया, ग्राम पंचायत अवल्दा सरपंच कांतिलाल बामनिया ,उप सरपंच कुमेरसिहं सेंधव, ग्राम पंचायत चारिया संगीता सागर चौहान, सेवा सहकारी संस्था चापडा प्रबंधक राजेश सिंह राजपूत, ग्राम पंचायत धावडिया सरपंच तेजसिंह ओसारी द्वारा झंडा वंदन किया गया। साथ ही कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। इस दौरान सभी ग्रामीणों को मिठाई का वितरण भी किया गया।

### जिला शतरंज संघ और सेंन थॉम अकादमी द्वारा आयोजित हुई ओपन प्रतियोगिता

# बच्चों के दिमाग का विकास करने में शतरंज महत्वपूर्णः कलेक्टर






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देवास जिला शतरंज संघ के सचिव पवन यादव ने बताया कि देवास जिला शतरंज संघ और सेंन थॉम अकादमी द्वारा आयोजित ओपन जिला शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 28 जनवरी को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।प्रतियोगिता मे मुख्य अतिथि के रूप में देवास कलेक्टर ऋषव गुप्ता,पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय,अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे,विशेष अतिथि जीएम अक्षत कपाड़िया,अनिल फतेहचंदानी व डॉ. सुनील सोमानी,प्रेस क्लब के सचिव चेतन राठौड़ और सेंन थॉम अकादमी के प्रेसिडेंट सुनील थॉमस और डायरेक्टर हैंसी थॉमस व प्रिंसिपल पुनीत उपाध्याय थे।कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि एकाग्रता लाने और दिमाग का विकास करने में शतरंज सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।कई अभिभावकों की शिकायत रहती है कि उनका बच्चा पांच से दस मिनिट से ज्यादा एक जगह पर बैठ कर नही पढ़ता है साथ ही उसका दिमाग भी एक जगह केंद्रित नही रहता है।तो मेरा सुझाव है कि उसे एक बार शतरंज खेल में आगे कर दे फिर देखे कुछ समय बाद उस बच्चे की एकाग्रता और दिमाग का कई गुना विकास हो जाएगा। 250 से भी अधिक शतरंज खिलाड़ियों ने भाग इस प्रतियोगिया में भाग लिया।अंडर-17,अंडर-14,अंडर-12 केटेगरी में प्रथम ,द्वितीय,तृतीय विजेता खिलाड़ियों को मोमेंटो सहित नगद पुरस्कार प्रदान किये गए,साथ ही चतुर्थ व पंचम स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में 10 से ज्यादा आर्बिटल्स जितेंद्र सिंह,पावन पाटिल, शैलेंद्र चंद्रवंशी, हिमांशु यादव, उदय और दो के आर्बिटल का सहयोग मिला। इस अवसर पर रोलर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहसचिव संदीप जाधव,सूरज वामनिया,तन्मय मेहता,देवराज सांगते,राजवीर ठाकुर, रश्मि ठाकुर,हर्षिता कौशल,सुनील मालवीय,विशाल सिंह, हरिप्रिया यादव,शीतल चौहान,रश्मि ठाकुर, हरिप्रिया यादव, शीतल चौधरी, रैना कौशल, प्रियांशी कदम, उर्वशी मंडलोई, युवराज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रितिक मुकाती, ऋतुराज सिंह, सुमित शर्मा, उदय भावसार, निखिल सिंह,साक्षी चौहान, प्रियंका ठाकुर आदि ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# नपअध्यक्ष ने भोपाल में मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

नगर परिषद बागली अध्यक्ष सीमा कमल यादव एवं प्रतिनिधि कमल यादव ने भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात की। साथ ही इस दौरान अन्य भाजपा के नेताओं से भी मुलाकात की। कमल यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव का बागली से काफी लगाव है,पूर्व में बागली भी मंत्री रहते हुए आ चुके हैं। उनसे मुलाकात कर बागली के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही भाजपा के विधायक एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात की। इस दौरान नगर परिषद बागली के अंतर्गत किए जा विकास कार्यों की भी जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थी परिषद ने मनाई सुभाष चन्द्र बोस की जन्म जयंती



**आष्टा।** भारत को आजाद कराने में जिनका जीवन समर्पित रहा । ऐसे अमर शहीद नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जन्म जयंती पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आष्टा ने नजर गंज सुभाष चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया एवं नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष देवेंद्र बागवान,नगर मंत्री रजत सोनी,अंश धारवां,बाला शर्मा,प्रधुम राजपूत,सुमित बगाना,हर्ष पटेल,सिद्धांत जसाठी, अक्षत जैन, जय पिपलोदिया,आयुष ठाकुर, सुमित खत्री, दिव्यांश गौतम, आदित्य शर्मा उपस्थित रहे।

### डाक विभाग को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**सीहोर।** एपिक कार्ड के वितरण में कुशलता के संबंध में कलेक्टर कार्यालय सीहोर द्वारा डाक विभाग को सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष में डाक विभाग के प्रतिनिधि के रूप में अधीक्षक डाकघर एमएल मालवीय, सहायक अधीक्षक सुनील सोलंकी, पोस्ट मास्टर सीहोर सुनील चौकसे व कुमारी, निकिता मीणा शाखा डाकपाल अबिदाबाद को प्रमाण पत्र भेंट किये गये। इस अवसर पर कर्मचारियों ने बधाई दी।

### रोलागांव बीट में वन विभाग ने आयोजित किया अनुभूति कार्यक्रम

# छात्र-छात्राओं को जंगल का भ्रमण कराकर पेड़ों और वन संपदा का बताया महत्व

अनुभूति कैंप में स्कूल के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण वा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित हुए कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रशंसीपत्र देकर सम्मानित भी किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

वन विभाग आष्टा ने क्षेत्र रोला गांव बीट फाटा में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं को पर्यावरण वन संपदा के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, एसडीओ , रेंजर सहित वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। वन विभाग द्वारा आयोजित अनुभूति कार्यक्रम में सेवानिवृत डिप्टी रेंजर ने भी छात्र-छात्राओं को वन क्षेत्र में भ्रमण कराया और पर्यावरण के प्रति जागरूक किया साथ ही वन संपदा के बारे में शिक्षा प्रदान की। कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि हमें पर्यावरण बचाना है पेड़ पौधे रहेंगे तो हमें ऑक्सीजन मिलेंगी हमें कोरोना काल में पेड़ पौधों का महत्व मालूम पड़ ही गया है कितनी ऑक्सीजन की जरूरत थी पेड़ पौधे हर व्यक्ति को लगाने चाहिए और जंगलों की रक्षा करनी चाहिए। सीहोर एसडीओ राजेश शर्मा ने कहा कि वन विभाग 15 दिन से अनुभूति कार्यक्रम कैंप लगाकर करीब 1163 कैंप उन्हें आयोजित कर रहा है और स्कूली छात्र-छात्राओं को वनों एवं वन प्राणियों के बारे में जागरुक कर रहे हैं कि हमारे लिए पेड़ पौधे कितने आवश्यक है। आष्टा रेंजर राजेश चौहान ने अनुभूति कैंप में कहा कि 2013 से मध्य प्रदेश शासन वन क्षेत्र में अनुभूति कैंप आयोजित कर छात्र-छात्राओं और लोगों को जागरुक कर रहा है जिसे करीब 11 साल हो गए हैं कैंप का उद्देश्य पेड़ पौधों, वन संपदा की रक्षा करना है प्रत्येक कैंप में पेड़ पौधों की रक्षा किस प्रकार करना है और उनके महत्व के बारे में जागरुक करते हैं।




#### छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

आज अनुभूति यूको कैंप का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण वा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रशंसीपत्र देकर सम्मानित भी किया। जिसमें डिप्टी रेंजर रमेश चंद्र बेरवाल वनरक्षक शैलेंद्र सिंह ठाकुर जितेंद्र सिंह ठाकुर दीपेश राठौर चंचल चंदेल ने छात्रों को वन भ्रमण करवाया वा जंगल में वन संपदा वन्य प्राणी वनो का महत्व वनोपज आदि से संबंधित सामान्य ज्ञान की जानकारियां दी गई पेड़ पौधों के बारे में विस्तार से उनके महत्व को बताया। वन भ्रमण के दौरान बच्चों ने अधिकारियों से प्रश्न पूछे जिनका उत्तर अधिकारियों ने दिया इस दौरान बच्चों व वन स्टॉप वनों की सुरक्षा की शपथ दिलाई गई ।

#### कार्यक्रम में यहां भी रहे मौजूद



अनुभूति कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, एसडीओ राजेश शर्मा,वन परीक्षेत्र अधिकारी आष्टा राजेश चौहान, डिप्टी रेंजर रमेश चंद्र अग्रवाल, शैलेंद्र सिंह ठाकुर वनरक्षक, जितेंद्र सिंह ठाकुर, दीपेश राठौर ,चंचल चंदेल, हुकम परमार, राहुल परमार, देवेंद्र नायक, प्रदीप मनोरिया, विजय वर्मा, बहादुर सिंह ठाकुर, रंजना मलेकर ,गायत्री मरकाम स्थाई कर्मी ओमप्रकाश मेवाडा, कैलाश वर्मा, भैरू सिंह, राधेश्याम मल्होत्रा आदि उपस्थित रहे।

## कार्यालय में समय पर नहीं बैठते अधिकारी-कर्मचारी नागरिक होते हैं परेशान




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर के विकास की जिम्मेदारी निभाने वाली नगर पालिका के इन दोनों हाल-चाल है 3 दिन की छुट्टी के बाद मंगलवार को जब ऑफिस खुला तो कई कुर्सियां खाली रही दोपहर में भी अधिकांश चेंबर में कुर्सियां खाली नजर आई कुछ चेंबर में ही कर्मचारी बैठे हुए थे यहां तक की खुद सीएमओ राजेश सक्सेना नदारत थे उनके चेंबर में भी दरवाजा बंद था इस दौरान नागरिक अपनी जरूरत के काम के लिए आए लेकिन उन्हें जब अधिकारी कर्मचारी नहीं मिले तो वापस लौटना पड़ा यहां कोई एक दिन का काम नहीं है नगर पालिका में इस प्रकार अधिकारी कर्मचारियों का नदारत रहना रोज का काम हो गया है जिम्मेदारों ने इस और अभी तक ध्यान नहीं दिया है। नगर पालिका कार्यालय खुला वैसे ही नागरिक अपने कार्य के लिए पहुंचे तो अधिकांश चैंबरों में कुर्सियां खाली नजर आई इधर खुद सीएमओ राजेश सक्सेना भी अपने चेंबर में नहीं मिले उनके ऑफिस का भी दरवाजा बंद था।नगर पालिका की दीवार को चुने से ही पोत दियाआज नगर पालिका कार्यालय पहुंचने वाले कई नागरिकों के आज कपड़े खराब हो गए कारण नगर पालिका कार्यालय की ऑयल पेंट की पुती हुई दीवारों को आज चुने से पोत दिया जिससे आने जाने वाले लोगों कपड़े खराब हो गए अब यहां तो नगर पालिका ही जाने की ऑयल पेंट किया हुआ दीवारों पर चुने की की पुताई क्यों की। कार्यालय में नियमित बैठे अधिकारी कर्मचारीइस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है अगर कोई अधिकारी कर्मचारी नहीं है तो यहां गलत बात है मैंने सीएमओ को कहा है कार्यालय पहुंचे। मैं आकर देखता हूंनगर पालिका के सीएमओ राजेश सक्सेना से जब इस संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने 4 बजे के करीब बताया कि मैं थोड़ी देर में कार्यालय आकर देखता हूं आगे से ऐसी शिकायत नहीं मिलेगी। अगर कोई कर्मचारी बिना सूचना के बाहर गया तो नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जावर के वार्ड 9 में दुखद घटना होने पर अंत्योष्टि सहायता राशि देंगे तेजसिंह कप्तान




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर नगर में गणतंत्र दिवस समारोह पर तेजसिंह कप्तान ने कहा जावर नगर मेरा मंदिर और यहां की जनता मेरी भगवान में उसका पुजारी। उनके हर सुख दुख में साथ खड़ा हु और दुःख में हमेशा आपके साथ रहूंगा मेरे वार्ड नंबर 6 में कोई दुखद घटना होने पर अंत्योष्टि सहायता राशि 2100 रुपए भेट करूंगा जिसमे उपस्थित अध्यक्ष मंजू वेद, उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, मनोज वेद, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र भरेवा, विजेंद्र मालवीय, जाकिर हुसैन, संजय अजमेरा, हुकम विश्वकर्मा, कैलाश मालवीय, बहादुर सिंह परिहार, मदन विश्वकर्मा, मधु ठाकुर ,बंटी राठौर, अफसाना बि, पप्पू मंसूरी ,राजेंद्र केशव, जय सिंह ठाकुर, बाबूलाल पटेल, विक्रम सिंह कप्तान, उपस्थित रहे ।

## जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में सुहागन महिलाओं को भेंट किए उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मकर संक्रांति पर्व के पश्चात बुधवार को ग्राम माली खेड़ी में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर ने ग्रामीण महिलाओं को एकत्रित कर आयोजन किया। सभी महिलाओं को टिकी मेहंदी, कुमकुम, साड़ियां वितरण की। अपने उद्बोधन में मकर संक्रांति को हिन्दू धर्म का एक प्रमुख त्योहार बताते हुए कहा इस दिन सूर्य देव की पूजा-उपासना की जाती है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव की आराधना करने से सभी कष्ट दूर होते हैं और घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। इस दिन से सूर्य की उत्तरायण गति आरंभ होती है और इसी कारण इसको उत्तरायणी भी कहते हैं। मकर संक्रांति के दिन से ही खरमास का भी समापन हो जाता है और शादी-विवाह जैसे शुभ और मांगलिक कार्यों पर लगी रोक हट जाती है। एवंआष्टा ब्लॉक कांग्रेस महिला अध्यक्ष गीता कुशवाहा ने संबोधित करते हुए कहा सुहागन महिलाएं अपने सुहाग की रक्षा के लिए एक दूसरी महिलाओं को सुहाग बाटती है यह कहते हुए सभी महिलाओं को सुहाग सामग्री का वितरण किया। जिला महामंत्री हेमलता चौहान, अनीता महाडिक, जावर ब्लॉक अध्यक्ष हेमलता महेश्वरी ने इस अवसर पर गजी बाई, लाडकुआंर बाई, ललीता बाई, कन्ता बाई, भूरीयॉ बाई, रेखा बाई, अमृत बाई, सीताबाई, ममताबाई, बबीता, कमला, गजना, कृष्णा, फुलकुंवर, गायत्री, रंजू, आशा बाई, सीमा बाई, इमारत बाई, रामसभा, मयाबाई, कुंताबाई, गंगा, रेशम, तेजू, संगीता, लीला, चिंतामणि, कृष्णा, शकुंतला, सुनीता बाई आदि को सुहाग सामग्री उपहार के रूप में साड़ियां वितरण कि एवं बधाई शुभकामनाएं दी।

## विद्यार्थियों को संस्था ने किया सम्मानित


हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




रविवार को नगर के साईं कॉलोनी में स्थित शहीद भगत सिंह कंप्यूटर कोचिंग क्लासेस में संस्था के मार्गदर्शक गंगाधर वर्मा के मार्गदर्शन व उपस्थिति में संस्था संचालक कपिल वर्मा द्वारा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम संस्था परिवार एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसबीएस स्कूल प्राचार्य भोलू ठाकुर, विशेष अतिथि दिनेश वर्मा, जीवन चंद्रवंशी, जितेंद्र सोनानिया, पत्रकार धनंजय जाट द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा एवं शहीद भगत सिंह के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात संस्था द्वारा अतिथियों का स्वागत गीत के माध्यम से अभिवादन करते हुए संस्था की ओर से पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात शहीद भगत सिंह कंप्यूटर कोचिंग क्लासेस द्वारा वर्ष 2023 कंप्यूटर ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा एसबीएस स्कूल में आयोजित की गई थी। जिसमें सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 50 विद्यार्थियों का संस्था द्वारा पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले संस्था के छात्र अंकित को कंप्यूटर एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा याशिरा अंसारी को टैबलेट एवं राधिका नामदेव को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर स्मार्ट वॉच देकर एवं अन्य विद्यार्थियों का शील्ड देकर संस्था परिवार की ओर से अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही कंप्यूटर कोर्स करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए। संस्था मार्गदर्शक एवं अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। इस दौरान संस्था संचालक कपिल वर्मा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थी जीवन में हमेशा सीखते रहना चाहिए। आज का युग आधुनिक युग है, जहां हमें हर समय कंप्यूटर एवं इंग्लिश की अधिकतर आवश्यकता होती है, इसी को देखते हुए हमने वर्ष 2021 में संस्था की शुरुआत की। आज जिसके फल स्वरूप बहुत ही कम समय में आज संस्थान से करीब 800 से अधिक विद्यार्थियों ने संस्था से डीसीए पीजीडीसीए कोर्स किया एवं इस वर्ष अभी 300 से अधिक विद्यार्थी इस वर्ष कोर्स कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन अनुराग मालवीय, आर्यन एवं अभिषेक द्वारा किया गया। आभार संस्था संचालक कपिल वर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

## समरेंद्र गुप्ता की आंखों से नेत्रहीन का जीवन होगा रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




डॉ प्रवीर गुप्ता सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय सीहोर के पिता और प्रांजल गुप्ता के दादा समरेंद्र गुप्ता का स्वर्गवास 94 वर्ष की आयु में रविवार 28 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे हो गया। दिवंगत श्री गुप्ता की आंखों को डोनेट किया गया है। जो किसी नेत्रहीन की आंखों को रोशन करेंगी। जिला मुख्यालय पर पदस्थ सिविल सर्जन डॉ प्रवीर गुप्ता ने काफी सराहनीय निर्णय लेकर अपने पिताजी की आंखों को डोनेट किया है। समरेंद्र गुप्ता का अंतिम संस्कार 28 जनवरी 2024 दिन रविवार को दोपहर को सीहोर में किया जाएगा । अभी उनकी आंखों को डोनेट करने पर आंखें निकाली जा रही है। डॉ प्रवीर गुप्ता के पिताश्री के निधन पर नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और स्नेहीजनों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में वास दे एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करें।

### राजस्व मंत्री ने सरपंच का किया सम्मान



**खाचरोद।** ग्राम पंचायत खाचरोद के सरपंच शंकर पटेल जाट को ग्राम पंचायत खाचरोद में जल संकट निवारण में उत्कर्ष कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सम्मानित किया। सम्मानित होने पर ग्राम के भोजराम गोदारा, चुन्नीलाल खोजा, बलराम खोजा, सोबल सिंह पडियार, डीडी वैरागी, इंदर सिंह ठाकुर, भोजराम बेनीवाल, नारायण सिंह ठाकुर, अनार सिंह ठाकुर, पूरन सिंह पेरवल, मांगीलाल पेरवल, फूल सिंह पेरवल, रतन सिंह मालवी ने बधाई दी।

## विकासखंड स्तरीय टीएलएम मेले का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा (ईसीसीई) में शिक्षण खेल आधारित, खोज आधारित व प्रयोग आधारित किए जाने की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अनुशंसा की गई, बच्चों के साथ कक्षा में शिक्षण अधिगम सामग्री टीएलएम का उपयोग किया जाना आवश्यक है टीएलएम के प्रयोग से बच्चे रोचक विधि से सीखते हैं और उनमें सृजनात्मकता का विकास होता है इसको बढ़ावा देने के लिए जनपद शिक्षा केन्द्र आष्टा द्वारा एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय टीएलएम मेले का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आष्टा में किया गया जिसमें के जी कक्षाओं के शिक्षकों द्वारा कम लागत बिना लागत (परिवेशीय सामग्री) टी एल एम अपने स्तर पर तैयार कर प्रदर्शित किए गए जिसमे सामग्री को प्रदर्शित करना और सामग्री का बच्चों के साथ उपयोग कैसे किया जाएगा यह शिक्षकों द्वारा चयन समिति के समक्ष बताया गया जिसके आधार पर चयन समिति द्वारा भाषा, संज्ञानात्मक तथा रचनात्मक विकास की तीन-तीन प्रविष्टियों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए, चयन समिति में बीआरसी तरुण कुमार ,डाइट बी ए सी ब्रजराज शरण सिंह बैंस, कन्या स्कूल के प्राचार्य अमर सिंह परमार एवं एम टी करुणा अजमानी रही, कार्यक्रम में बीएसी मनोहर विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, फूलचंद सांकले, देव जी मेवाड़ा लेखापाल हरेंद्र सिंह ठाकुर, महेंद्र कुमार एवं जन शिक्षक रजनीकर माहेश्वरी, केदार परमार, धर्मेन्द्र ठाकुर, राकेश सूर्यवंशी, जगदीश मालवीय,अके सिंह ठाकुर एवं एलम परमार ने सहयोग प्रदान किया। मेले में 43 शिक्षकों ने सहभागिता की जिसमे से 9 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### ग्राम पंचायत गवाखेड़ा में मनाया गणतंत्र दिवस, कार्यक्रम हुए आयोजित

# सरपंच ने पंचायत भवन में फहराया तिरंगा, किया शहीदों को याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जनपद इलाके की ग्राम पंचायत गवाखेड़ा में ग्राम पंचायत सरपंच धर्मेंद्र ठाकुर की अगुवाई में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत भवन में तिरंगा फहरा कर, राष्ट्रगान गाकर शहीदों को नमन किया। वहीं ग्राम पंचायत के सरपंच धर्मेंद्र ठाकुर ने कहा कि देश की आजादी में वीर सपूतों का अहम योगदान है।इन्हीं वीर सपूतों की कुर्बानियों के चलते आज हम हिंदुस्तान के खुले वातावरण में खुली सांस ले रहे हैं। वहीं कहा कि देश का विकास तभी हो सकता है। जब गांव का समग्र रूप से विकास हो और गांव का विकास तभी होगा जब हम स्वच्छता पूर्ण वातावरण में रहकर ग्रामीण विकास को आगे ले जाने में हम सभी को साथ आने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि हमारे देश का संविधान हमारे कर्तव्यों का बोध कराता है। जिससे लोकतंत्र की मजबूती के लिए संविधान का मजबूत होना आवश्यक है।ध्वजारोहण के मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच धर्मेंद्र ठाकुर, सचिव बाबूलाल, सहायक रोजगार नीरज, भेरू सिंह, इन्दर पटेल, राजेंद्र ठाकुर, धर्मेंद्र पटेल, कृष्णपाल ठाकुर, जयपाल ठाकुर, कृष्णपाल ठाकुर, मुकेश कुमार, वीरेंदर परमार, शिवम परमार, विकाश परमार, आशीष परमार, योगेंद्र ठाकुर, कैलाश गवाटिया, संतोष मालवीय, छगनलाल सहित कई ग्रामीण मोजूद रहें।




#### संस्कृति स्कूल में किया ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस ग्रामीण क्षेत्रों सहित नगर में हर्ष और उल्लास से मनाया गया। इस दौरान स्कूलों में भी ध्वजारोहण किया गया। वही शहर के अशास्कीय संस्कृति स्कूल में भी गणतंत्र दिवस पर्व बड़े ही धूमधाम और देशभक्ति के साथ मनाया गया। यह स्कूल परिसर में ध्वजारोहण विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर ने किया। इस दौरान संस्कृति विद्यालय के प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय सहित स्टाफ व छात्र-छात्राओं बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।संस्कृति स्कूल में ध्वजारोहण के बाद मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गयाऔर छात्र छात्राओं ने संस्कृतिक कार्यक्रम के साथ देश भक्ति गीतों पर सुन्दर सुन्दर प्रस्तुति दी।



अन्य व्यक्ति द्वारा तिरंगा फहराने पर सीईओ जिला पंचायत ने तुरंत प्रभाव से की रोजगार सहायक सेवाएं समाप्त

# दलित सरपंच को पंचायत भवन पर नहीं फहराने दिया तिरंगा, पूर्व मुख्यमंत्री ने सीएम को किया ट्वीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जनपद ब्यावरा की ग्राम पंचायत में शासन के प्रावधानों के विरूद्ध अन्य व्यक्ति से ध्वजारोहण कराने के चलते रोजगार सहायक की सेवाएं तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय तेम्रवाल ने ग्राम पंचायत तरेना-86 के रोजगार सहायक द्वारा सचिव की अनुपस्थिति में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण सरपंच के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति के कराने पर सरपंच को अधिकारों से वंचित किए जाने के चलते यह कार्रवाई की।




**सरपंच ने कहा मैं दलित हूं इसलिए नहीं कराया झंडा वंदन**



तरेना - 86 के सरपंच मानसिंह वर्मा ने झंडावंदन न कराने के पीछे अपने आप को दलित समाज का होना बताया है। उनका कहना है कि 5 गांव में हमने धूमकर प्रसादी बांटी परंतु रोजगार सहायक लाखन सिंह ने किसी ओर से झंडा वंदन करवा दिया। सरपंच के कहा की मुझे मेरे हक से बंचित कर दिया गया।

### पूर्व मुख्यमंत्री ने किया सीएम को किया ट्वीट

दलित समाज को दरकिनार करने की बात लिखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री मोहन यादव को ट्वीट करते हुए लिखा है कि क्या अनुसूचित जाति का होना गुनाह है? क्या पंचायत भवन में सरपंच को झंडा फहराने का अधिकार नहीं है? जब देश 75वां गणतंत्र मना रहा है लेकिन हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।

### सरपंच ने अपनी पीड़ा का बनाया वीडियो, की अधिकारियों से शिकायत

ब्यावरा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ईश्वर सिंह वर्मा ने बताया कि तरेना-86 के सरपंच मानसिंह वर्मा ने शिकायत की है कि उन्हें गणतंत्र दिवस पर तिरंगा नहीं फहराने दिया गया। पीड़ित की शिकायत पर इसको सरपंच के अधिकारों से वंचित करना मानते हुए रोजगार सहायक लाखन सिंह की सेवाएं समाप्त की गई हैं। उधर सरपंच मानसिंह ने एक वीडियों बनाते हुए अपनी बात शोसल मीडिया पर वायरल की जिसको पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी अपने ट्वीटर हेंडल से ट्वीट किया है।

विवाह समारोह में चोरी

## देपालपुर विधायक की बहू के गहने और नकदी चुरा ले गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



पचोर थाना अंतर्गत हाईवे पर स्थित उदनखेड़ी गांव में शनिवार रात विवाह समारोह में चोरी हो गई। चोरों ने धाकड़ धर्मशाला से एक बेग में रखे 30 तोला सोने के जेवर, 3 एंड्रॉयड मोबाइल, 25 हजार नगदी और 25 हजार नगदी से भरे लिफाफे चुरा लिए। जानकारी के अनुसार शनिवार रात उदनखेड़ी की धाकड़ धर्मशाला में सामाजिक कार्यकर्ता सूरज सिंह इंजीनियर के परिवार में आयोजित विवाह समारोह में उनकी बेटी नीलम नागर, पति रवि पटेल और जेठ देपालपुर भाजपा विधायक मनोज पटेल के साथ आई थी। वह अपनी छोटी बहन के लिए शादी में गहने लेकर आई थी। समारोह के दौरान रात करीब 9 बजे उन्होंने सोफे पर अपना बेग रखा था। जिसमें दुल्हन के लिए 30 तोला सोने के जेवर, 3 एंड्रॉयड मोबाइल, 25 हजार नगदी और 25 हजार नगदी से भरे लिफाफे रखे थे। जिन्हें किसी अज्ञात बदमाश ने चुरा लिया।इसके बाद चोरी की घटना से विवाह समारोह में हड़कंप मच गया। सुचना के बाद पचोर थाना प्रभारी आकांशा शर्मा मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने फरियादी रवि पटेल पिता निर्भय सिंह पटेल निवासी पिपलियाराव इंदौर की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना प्रभारी आकांशा शर्मा ने बताया की रवि पटेल की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पड़ताल कर रही है। जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## गणतंत्र दिवस पर विद्यार्थियों ने परंपरा अनुसार निकाली प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

गणतंत्र दिवस का पावन पर्व नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र की शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय संस्थाओं में धूमधाम से राष्ट्रीय पर्व मनाया गया जहां पर संस्था संचालकों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया। नगर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के समस्त विद्यार्थियों द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर के विभिन्न मार्गो से प्रभात फेरी निकाली जो की मुख्य समारोह स्थल स्टेडियम ग्राउंड पहुंची जहां पर ध्वजारोहण जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुरीबाई कालूसिंह तोमर ने किया एवं परेड की सलामी विधायक हजारीलाल दांगी , जनपद अध्यक्ष पुरीबाई तोमर, उपाध्यक्ष सीताबाई गुर्जर नगर परिषद अध्यक्ष अनसूया कुशवाहा ने ली।तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन सीईओ हेमदं गोविंल ने किया।समारोह में नगर के 21 विद्यालयों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जहां पर सबसे उत्कृष्ट प्रस्तुति पर निर्णायक मंडल द्वारा दिये निर्णय अनुसार हायर सेकेंडरी स्तर पर प्रथम- महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल एवं मां सरस्वती एकेडमी रहे ,द्वितीय-एडवांस किड्स एकेडमी, तृतीय-रॉयल हाइट्स हायर सेकेंडरी स्कूल रहा। माध्यमिक खंड में भव्य एकेडमी एवं विजया कान्वेंट प्रथम, कन्या माध्यमिक विद्यालय एवं पीड़ी चैबे द्वितीय ,गुरु आदर्श हायर सेकेंडरी तृतीय रहे।

**कौशल विकास मंत्री ने किया सुशील व्यास का सम्मान**



सारंगपुर। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिला केंद्र पर आयोजित भव्य समारोह में मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास तथा रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव तथा सांसद रोड़मल नागर जिला कलेक्टर हर्ष दीक्षित की उपस्थिति में अंचल के ख्यातिलब्ध कला-साधक सुशील व्यास 'सारंग' का सम्मान-निधि एवं सम्मान-पत्र से सम्मानित किया। ज्ञात रहे कि सुशील व्यास अपनी कला-साधना से अंचल में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। जहाँ आप एक सिद्ध-हस्त चित्रकार हैं, वहीं एक उत्कृष्ट गीतकार व संगीत कार भी हैं। भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित्त आपके द्वारा रचित अनेक राम-गीत आज सोशल मीडिया पर धूम मचा रहे हैं। अनेक कलाकारों ने सुशील व्यास के गीतों को अपना स्वर व संगीत दिया है। आपके राम-गीतों के लाईकर्स की तादाद अब तक लाखों में पहुंच चुकी है। समाज सेवा में भी आप सदैव तैयार रहते हैं। आप विद्याभारती परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता भी हैं। आपको सम्मानित किए जाने पर सारंगपुर अंचल के बुद्धिजीवी वर्ग व गणमान्य जन ने हर्ष व्यक्त किया है।

नपा टीम के साथ पहुंचे सीएमओ कहा समय सीमा में पैसे जमा करें अन्यथा कार्रवाई के लिए रहें तैयार

## दुकानदारों के ऊपर लाखों का किराया बाकी 25 हजार रुपए राजस्व की हुई वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा



नगर परिषद छापीहेड़ा की दुकानों का लाखों से अधिक किराया बाकी चल रहा है। कई दुकानदार सरकारी दुकानों में बिना किराया दिए ही मनमानी करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में बकाया किराया वसूलने के लिए खुद सीएमओ हरिओम शर्मा ने शनिवार को टीम के साथ बस स्टैंड के आजू-बाजू सामने बनी दुकानों की जांच की। कई दुकानदारों ने अपना किराया अधिकारियों को सौंपा जिससे नप को 25 हजार रूप्ए राजस्व की वसूली हुई, शेष दुकानदारों को 15 दिनों में बकाया किराया जमा करने का निर्देश दिया।

श्रीराम नागर ने बताया कि शहरी क्षेत्र में नगर परिषद की 95 से अधिक दुकानें संचालित हैं दुकान आवंटित कराने वाले अधिकतर लोगों ने कई वर्षो से इसका किराया नहीं जमा किया है नगर परिषद की दुकानों का लाखों रुपए से अधिक किराया बाकी है शासन के निर्देश पर बकाया किराया वसूलने के लिए शनिवार से विशेष अभियान शुरू किया गया है पहले दिन बस स्टेशन के आजू बाजू सामने स्थित दुकान पर जांच अभियान चलाया गया इसमें कई दुकानदार ऐसे हैं जिन लोगों ने अपनी दुकान दूसरे को अधिक किराए पर दे दिया है। अभियान में दुकानों की जांच कर उनसे 25 हजार रुपये किराया वसूला गया जबकि कुछ दुकानों के मालिक मौके पर उपस्थित नहीं मिले वहां दुकान चला रहे कर्मचारी एवं लोगों को अभी मुख जुबानी निर्देशित कर 15 दिनों में बकाया किराया जमा करने का बोल दिया गया है निर्धारित अवधि में किराया जमा न होने पर संबंधित दुकानों पर नगर परिषद कानूनी कार्यवाही के तहत नोटिस भी जारी कर सकती है।

**इनका कहना है**

नियमित चलेगा वसूली अभियान। शासन की तरफ से शत-प्रतिशत किराया वसूलने का निर्देश दिया गया है इसका पालन करने के लिए शनिवार से नियमित चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

हरिओम शर्मा, सीएमओ नप छापीहेड़ा

कड़कड़ाती सर्दी में भी रहा बच्चों में राष्ट्रीय भक्ति का जज्बा

## नगर में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय पर्व...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन

नगर में शुक्रवार को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के शासकीय,अर्धशासकीय स्कूलों व कार्यालयों में 7रू30 बजे राष्ट्रध्वज फहराया गया। नगर के स्कूलों के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। कड़ाके की सर्दी होने के बाद भी बच्चों में राष्ट्रीय भक्ति का जज्बा देखने को मिला सार्वजनिक राष्ट्रीय ध्वज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव द्वारा फहराया गया। मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। नगर के स्कूलों के बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत वा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

यात्रा के संयोजक बाबा सत्यनारायण मौर्य का कार्यकर्ताओं ने माला पहनकर किया स्वागत

## श्रीराम चरण पादुका रथ यात्रा का ब्यावरा में कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



श्रीराम वनगमन पथ काव्य यात्रा श्रीलंका से श्रीराम के चरण लेकर छतरपुर पहुंची यात्रा 232 वन स्थलों को संपर्क करते हुए अयोध्या पहुंची थी। अयोध्या में श्रीरामलाला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के बाद यात्रा अयोध्या से इंदौर के लिए रवाना इसी दौरान श्रीराम चरण पादुका यात्रा का ब्यावरा प्रवेश हुआ। जय जय श्री राम के नारों से यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के मुख्य संयोजक राजगढ़ जिले की माटी के लाल देश के प्रख्यात संत बाबा सत्यनारायण मौर्य द्वारा श्रीलंका से अयोध्या तक श्री राम वनगमन पथ काव्य यात्रा शुरु की है। यह रथ यात्रा श्रीलंका से श्रीराम के चरण लेकर अयोध्या पहुंची थी। जो अयोध्या से चलकर इंदौर पहुंच रही है। यात्रा ब्यावरा पहुंचने पर श्री राम चरण पादुका के सभी जनमानस में दर्शन किए यात्रा का भव्य स्वागत किया देश के अंतरराष्ट्रीय संत बाबा सत्यनारायण मौर्य का माला पहनकर स्वागत किया गया बाबा सत्यनारायण ने अपनी मालवी भाषा से सभी को संबोधित किया। बाबा मौर्य के द्वारा यह यात्रा 232 वन स्थलों से गुजरी जिस रास्ते से भगवान श्री राम अयोध्या से लेकर श्रीलंका तक पहुंचे थे उन सभी स्थलों तक यह यात्रा गुजरी और अयोध्या पहुंची। ब्यावरा में इन कार्यकर्ताओं ने किया श्री राम चरण पादुका का पूजन किया बाबा का स्वागत भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी राजू यादव पार्षद विष्णु साहू नागेश रावत जिला मंत्री मयूर गुप्ता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गिर्राज लववंशी दिलीप आदि कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया।

इंदौर पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन, केरियर गाइडेंस के साथ संपन्न हुआ आयोजन

## सीनियर विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




शनिवार को शहर के न्यू तहसील रोड सिविल हॉस्पिटल ब्यावरा के समीप स्थित इंदौर पब्लिक हाई स्कूल ब्यावरा में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह रखा गया। जिसमे सभी बच्चों ने अपने अपने विचार रखे , इस बीच काफी भावनात्मक, हृदय को छूने वाले भाव विद्यार्थियों और शिक्षकों ,के मध्य नजर आए यही एक लगाव होता है एक शिक्षक का बच्चो के प्रति, और बच्चो का अपने विद्यालय और अपने शिक्षको के प्रति , इस बीच विद्यालय संचालक हरिओम दांगी ने विद्यार्थियों के लिए अपने विचार रखे और बताया कि विद्यार्थी एक कच्चे मिट्टी के बर्तन की तरह की होते है, जिस तरह कुम्हार बर्तन बनाते समय , बर्तन को खूब मारता, पीटता है लेकिन अपना एक हाथ वो हमेशा नीचे रखता है ताकि अपना बर्तन टूट ना जाए। ठीक इसी तरह एक शिक्षक वो होता है जो अपने विद्यार्थियों को डांटता है लेकिन उसमे एक अपनापन होता है जो विद्यार्थियों को काफी बाद में पता चलता है, इस दौरान सभी विद्यार्थियों ,शिक्षक गणों की आंखों में आसूं आ गए ,सभी शिक्षक गणों ने विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रषित की और विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस बीच एमएल लववंशी, अमन, सुमन महेश, वीरेंद्र राहुल, राधा दांगी, अर्पिता, शिल्पा दांगी, सुनीता सक्सेना, प्रीति शाक्यवार, रवीना, द्रोपति सेन, वंदना, दिव्यांशी, राखी शर्मा , अनीता जाटव, आदि शिक्षक गण ने सभी बच्चो को साथ में खाना खिलाकर और तिलक लगाकर शुभकामनाएं प्रषित कीं।

शुष्क दिवस पर आबकारी की कार्रवाई

## जब्त की 231 लीटर हाथ भट्टी मदिरा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

कलेक्टर हर्ष दीक्षित के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी लखन लाल ठाकुर' के मार्गदर्शन में ब्यावरा वृत प्रभारी संदीप कुमार लोहानी के द्वारा शुक्रवार को वृत्त ब्यावरा क्षेत्र में शुष्क दिवस के अवसर पर प्राप्त सूचनाओं के आधार पर ब्यावरा क्षेत्र मे कंजर अड्डों पर अवैध मदिरा बिक्री के संदिग्ध स्थलों व गिनदोरहाट, नापानेरा क्षेत्रों में दबिश देकर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के 12 प्रकरणों मे 231 लीटर हाथ भट्टी मदिरा व एक दो पहिया मोटर सायकिल जप्त की गयी। उक्त कार्यवाही मे आबकारी आरक्षक गौरीशंकर विजयवर्गीय, नवागत आरक्षक संजय ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान रहा।

भाजपा जिलाध्यक्ष व मंत्री पंवार ने काटा फीता

## ब्यावरा विधानसभा की जनता की सेवा के लिए सेवाश्री कार्यालय का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

ब्यावरा विधानसभा के विधायक व मध्य प्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पवार का ब्यावरा शहर में क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए सेवाश्री कार्यालय का शुभारंभ राजगढ़ जिले के भाजपा के यशस्वी जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर एव मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यालय में सुंदरकांड का पाठ कराया गया एवं प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर एवं मध्य प्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पवार का सभी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित सभी ने अयोध्या के श्री रामलाला का चित्र एव गुलदस्ता भेंट किया।बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कार्यालय के शुभारंभ में उपस्थित रहे। हमें पूरा विश्वास है कि सेवाश्री कार्यालय के माध्यम से क्षेत्र की जनता की हर समस्या का यथा संभव हल होगा।

मुख्य समारोह में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार टेटवाल ने किया ध्वजारोहण

# हर्षोल्लास एवं समारोह पूर्वक मनाया गया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/राजगढ़

जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। स्टेडियम परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं सलामी गारद का निरीक्षण कर परेड की सलामी ली। समारोह में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग श्रगौतम टेटवाल ने मुख्यमंत्री के प्रदेश की जनता के नाम जारी संदेश का भी वाचन किया। इस अवसर पर सांसद रोडमल नागर, विधायक राजगढ़ अमरसिंह यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, कलेक्टरर हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय तेम्रवाल, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मण्डराह सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।





**मंत्री टेटवाल ने खुली जीप में किया परेड का निरीक्षण**

मुख्य समारोह में सशस्त्र बल प्लाटून द्वारा हर्ष फायर किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने खुली जीप में परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना भी उनके साथ थे। इस समारोह में विशेष सशस्तर् बल, जिला पुलिस बल (पुरूष), जिला होमगार्ड बल, जिला पुलिस बल (महिला), स्काउट बल, रेडक्रास दल, शौर्य दल की टुकडियों द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि ने इस दौरान परेड कमांडर्स का परिचय भी प्राप्त किया। परेड के मुख्य कमांडर रक्षित निरीक्षसक रविकांत शुक्लार थे। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं मीसा बंदियों का सम्मान किया गया।

### संयुक्त कार्यालय भवन में कलेक्टर दीक्षित ने किया ध्वाजारोहण

75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने संयुक्त कार्यालय भवन में ध्वजरोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### मंत्री टेटवाल प्रधानमंत्री पोषण शक्ति अंतर्गत आयोजित भोज में हुए शामिल

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के ग्राम सरेडी के माध्यामिक विद्यालय में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याकन्ह भोजन) योजना अंतर्गत आयोजित विशेष भोज में शामिल हुए। इस दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री टेटवाल सहित सांसद रोडमल नागर, विधायक अमर सिंह यादव, कलेक्ट्र हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन किया। इस दौरान अतिथियों द्वारा शाला के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मारन किया गया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। मां सरस्वयती की प्रतिमा का भी अनावरण किया गया।